'बाबा मस्तनाथ सालाना मेले में लगी भक्तों की भीड़'

मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब।

रोहतक, 24 मार्च (पंकेस) : बाबा मस्तनाथ की स्मृति में लगने वाले विश्व प्रसिद्ध 3 दिवसीय मेले का बुधवार को समापन हुआ, जिसमें लाखों श्रद्धालुओं ने समाधि स्थल पर मत्था टेक मन्नतें मांगी।

श्रद्धालुओं ने बाबा मस्तनाथ के स्वरूप में महंत बालकनाथ जी योगी के दर्शन पाकर अपने आपको सौभाग्यशाली महसूस किया। विशेष रुप से नवमी के दिन दर्शन करने वाले भक्तों की डेढ़ किलो मीटर लंबी कतारें लगी रहीं। दिन भर बदलता मौसम और धूल भरी आंधी भी भक्तों की श्रद्धा के आगे मायूस नजर आए। बहुत से भक्त जमीन पर दंडोती करते आए कुछ नंगे पांव अपनी मन्नत के अनुसार परिवार सहित आए। भक्तों ने कोरोना से बचाव हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के तहत मुंह पर मास्क लगाकर बाबा के दर्शन किए। इस अवसर पर मेला प्रबंधन कमेटी द्वारा हज़ारों मास्क वितरित किए तथा गेट पर हैंड सैनिटाइजेशन का भी प्रबंध किया गया था। कोरोना से सुरक्षा एवं बचाव को ध्यान में रखते हुए मेले में फ्री वैक्सीनेशन का भी कैंप लगाया गया। वहीं, बाबा मस्तनाथ आयुर्वेदिक चिकित्सा संस्थान की ओर से मैडीकल कैंप लगाया गया, जिसमें हजारों लोगों ने नेत्र, हड्डी रोग, फिजियोथैरेपी, डैंटल, मैडीसिन और सर्जरी रोग के विशेषज्ञों से सलाह लेकर निशुल्क दवा प्राप्त की।